**कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 03.11.2023**

**चोरी गये सामान के साथ दो शातिर चोर थाना रामनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-0213/2023 धारा 457/380 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.चन्दन पुत्र लक्ष्मण प्रसाद निवासी म0नं0- 2 / 223 मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी 2.अनिकेत उर्फ विशाल सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी म0नं0- 2 / 480 मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी को दिनांक- 03.11.2023 को समय 01.10 बजे बलुआ घाट नदी के किनारे थाना रामनगर वाराणसी से गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामनगर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान** - दिनांक 03.11.2023 समय 01.10 बजे बलुआ घाट पर नदी के किनारे थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी.

**अभियोग का संक्षिप्त विवरण-** श्री अर्जुन जायसवाल पुत्र स्व0 पुनवासी जायसवाल निवासी म0न0-4 / 433 पुराना रामनगर थाना रामनगर वाराणसी ने लिखित सूचना दिये कि दिनांक 27/10/2023 को सुबह 05:10 बजे अपने घर से भोर की आरती देखने के लिए निकले उस समय मकान का ताला बन्द था। मेरे पड़ोस में मेरे भाई के घर से मेरी बहन कुछ देर के बाद आरती देखने निकली तो उसने देखा कि मेरे मकान का ताला टुटा हुआ हैं। तब मुझे फोन कर बताया मै आकर घर पर देखा तो घर का समान बिखरा पड़ा था तथा आलमारी में रखे रु 40,000 नकद, तथा घर का इस्तेमाली गहना ( चैन -1 अगुठी तथा पायल झुमका तथा घड़ी व बैक का चेक बुक, गैस कागजात बैंक का पास बुक आदि समान गायब है। वादी मुकदमा के लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0213 / 2023 धारा 457 / 380 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया है।

**अभियुक्त का विवरण**

1. चन्दन पुत्र लक्ष्मण प्रसाद निवासी म0नं0- 2 / 223 मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी उम्र 24 वर्ष।
2. अनिकेत उर्फ विशाल सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी म0नं0- 2 / 480 मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी उम्र 24 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास ----**

**चन्दन पुत्र लक्ष्मण प्रसाद निवासी म0नं0- 2 / 223 मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी**

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | अपराध का थाना |
|---|---|---|---|
| 01. | 0089/2022 | 8 / 20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट | रामनगर |

**अनिकेत उर्फ विशाल सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी म0नं0- 2 / 480 मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी**

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | अपराध का थाना |
|---|---|---|---|
| **01.** | 0113/2020 | 323/324/504 भा0द0वि0 व 3(1) द, ध एससी एसटी एक्ट | रामनगर |
| **02.** | 0168/2023 | 380 / 411 / 413 / 454 भा0द0वि0 | रामनगर |

**बरामदगी का विवरण –**

**चन्दन पुत्र लक्ष्मण प्रसाद निवासी म0नं0- 2 / 223 मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी**

1- 3920 रूपया नगद

**अनिकेत उर्फ विशाल सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी - 2/480 मच्छरहट्टा थाना रामनगर**

1- 5830 रूपया नगद
2- एक अदद घरेलू गैस पासबुक
3- बैंक आफ बड़ौदा का पासबुक जिस पर वादी मुकदमा का नाम व डिटेल अंकित है।
4- एक अदद चेकबुक जिस पर वादी मुकदमा का नाम व डिटेल अंकित है।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -**

1. प्र0नि0 भरत उपाध्याय थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री ओम प्रकाश वर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 श्री घनश्याम मिश्रा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. हे0का0 शिव समुझ थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
5. हे0का0 अमल कुमार यादव थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**काशी जोन कमिश्नरेट**
**वाराणसी।**